Denial cf Salary to pra-vice-Chancellor of Jamia Millia University

6634. SHRI SARADA MOHANTY:
SHRI CHIMANBHAI MEHTA:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a.) whether it is a fact that lamia Millia Pro-Vice-ChanceTIor has not been paid his salary since long;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) whether the culprits who had assaulted the Pro-Vice Chancellor have been punished as per the law and if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KM. SELJA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) According to the information furnished by JMI, the culprits were immediately expelled from the University and their entry in the Campus prohibited. An FIR was also lodged with the Police as a result of which case is pending trial in the court.

मध्य प्रदेश में स्मारकों का विकास

6635. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक/स्मारकों/मंदिरों/किलों की संख्या कितनी हैं जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अन्तर्गत आते हैं;

(ख) राज्य की प्राचीनतम सभ्यता और इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण स्मारकों/मंदिरों/किलों की संख्या कितनी है जिनके संबंध में भारत सरकार द्वारा उनके जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण और पर्यटन की दृष्टि से विकास हेतु अब तक कोई प्रयास नहीं किये गये हैं; और

(ग) क्या दमोह जिले के ग्राम नोहटा स्थित कलचुरी कालीन (950 ए. डी.) के प्राचीन शिव मंदिर के सौन्दर्यीकरण तथा विकास हेतु दमोह के जिला माजस्ट्रेट द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रतिवेदन (प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के संबंध में धनराशि दी जायेगी और वांछित कार्यवाही की जायेगी ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित मध्य प्रदेश में तीन सौ पच्चीस ऐतिहासिक स्मारक/मन्दिर/किले हैं जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन हैं ?

(ख) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण राज्य में राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित सभी स्मारकों की मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य नियमित रूप से उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकता के अनुसार उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए कर रहा है । जिन स्थानों में केन्द्रीय संरक्षित स्मारक स्थित हैं, उनके सौन्दर्यीकरण और विकास का कार्य राज्य सरकार द्वारा स्मारक के महत्व तथा पर्यटन संभावना को ध्यान में रखकर किया जाता है ।

(ग) यह परियोजना-प्रस्ताव इस क्षेत्र के विकास से संबंधित है और इसके क्रियान्वयन का कार्य राज्य सरकार को करना है । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अपने नियंत्रणाधीन स्मारक के संरक्षण और संरक्षित क्षेत्र के विकास का कार्य कर रहा है ।